# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम- दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.)-491001

ई मेल : exam@durguniversity.ac.in वेब साइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359300


दुर्ग, दिनांक 19.03.2020

क्र. 1744 / परीक्षा / वार्षिक / 2020

प्रति,

प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष,
सम्बद्ध समस्त परीक्षा केन्द्र / महाविद्यालय,
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

विषयः– नोवल कोरोना वायरस (COVID-19) से संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु **वार्षिक परीक्षाएं सत्र 2019–20 के संबंध में निर्देश।**

संदर्भः– 1. कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय का पत्र क्र. 69 / आउशि / 2020 नया रायपुर, दिनांक 19.03.2020।
2. विश्वविद्यालय का पत्र क्र. 1731 / परीक्षा / वार्षिक / 2020 दुर्ग, दिनांक 13.03.2020।

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रों के अनुक्रम में निम्नांकित अतिरिक्त निर्देश जारी किए जा रहे हैंः–

1. **दिनांक 20.03.2020 से 31.03.2020 तक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक भाग–03 तथा स्नातकोत्तर भाग–02 / (अंतिम) की परीक्षाएं तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक स्थगित की जाती है।**
2. जिन कक्षाओं की परीक्षाएं स्थगित की गई हैं उनके प्रश्नपत्रों के सीलबंद लिफाफे सुरक्षित रखना सुनिश्चित करें।
3. दिनांक 20.03.2020 से 31.03.2020 तक स्थगित होने वाली परीक्षा की सूचना समस्त शैक्षणिक / गैरशैक्षणिक स्टॉफ तथा परीक्षार्थियों को एस.एम.एस. / दूरभाष / समाचार पत्रों / सूचना पटल के माध्यम से प्रसारित करने की व्यवस्था कराएं।
4. अद्यतन स्थिति की जानकारी हेतु विश्वविद्यालय के कुलसचिव (दूरभाष 9425516542) एवं उपकुलसचिव (दूरभाष 9827153834) से संपर्क कर सकते हैं एवं नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.durguniversity.ac.in का अवलोकन करते रहेंगे।

**कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावे।**

**संलग्नः– कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा के पत्र की छायाप्रति।**

**आदेशानुसार**

(हस्ताक्षर)

**कुलसचिव**
**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)**

दुर्ग, दिनांक 19.03.2020

पृ. क्र. 1745 / परीक्षा / वार्षिक / 2020

प्रतिलिपिः–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया के सचिव, राजभवन, रायपुर (छ0ग0)।
2. विशेष सहायक, माननीय मंत्रीजी, उच्च शिक्षा, छ.ग. शासन।
3. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर (छ0ग0)।
4. आयुक्त, उच्च शिक्षा, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर, 492002 (छ0ग0)।
5. जिलाधीश, दुर्ग / बालोद / बेमेतरा / कबीरधाम / राजनांदगांव।
6. पुलिस अधीक्षक, दुर्ग / बालोद / बेमेतरा / कबीरधाम / राजनांदगांव।
7. उ.कु.स., गोपनीय / परीक्षा / वित्त नियंत्रक / अधिष्ठाता छात्र कल्याण, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
8. कुलपति के सचिव / निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
9. मेसर्स लर्निंग स्पाईरल प्रा.लि., हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
10. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र, को इस निवेदन के साथ कि इस सूचना को छात्रहित को ध्यान में रखते हुए आगामी अंक में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करेंगे।

(हस्ताक्षर)

**उपकुलसचिव**
**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)**

# कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय

**ब्लॉक–03, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक 69/आ.उ.शि./2020 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 19/03/2020

प्रति,

कुलसचिव,
समस्त विश्वविद्यालय (शासकीय एवं अशासकीय),
छत्तीसगढ़

प्राचार्य,
समस्त महाविद्यालय (शासकीय एवं अशासकीय),
छत्तीसगढ़

विषय– नोवल कोरोना वायरस (COVID-19) से संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के संबंध में।

––––00––––

उपरोक्त विषयान्तर्गत पूर्व में जारी निर्देश क्रमांक 65–66 दिनांक 13.03.2020 द्वारा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में 31 मार्च, 2020 तक अंतिम वर्ष की परीक्षाएं पूर्ववत रखने के निर्देश दिये गये थे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्र एफ नं. 1–14/2020 दिनांक 19.03.20 से प्राप्त सुझाव के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अंतिम वर्ष की सभी परीक्षाएं तत्काल प्रभाव से स्थगित की जाती हैं।

2/ उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य भी 31 मार्च, 2020 तक स्थगित रखा जाए।

3/ समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों द्वारा इलेक्ट्रानिक्स माध्यम से समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को परीक्षा तिथियों में परिवर्तन की अद्यतन जानकारी से अवगत करावें।

4/ सभी शैक्षणिक संस्थाएं उनके हेल्पलाइन नम्बर एवं ई मेल की जानकारी विद्यार्थयों को उपलब्ध करायेंगे ताकि आवश्यकतानुसार विद्यार्थी शैक्षणिक संस्था से संपर्क स्थापित कर सकें।

5/ सभी विश्वविद्यालय एवं शैक्षणिक संस्थाओं को यह भी निर्देशित किया जाता है कि अभिभावक, विद्यार्थी तथा समस्त स्टाफ को कोरोना वायरस के संक्रमण से रोकथाम के उपायों की जानकारी का समुचित आदान–प्रदान करते रहें।

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित की जावे।

19/3

(श्रीमती शारदा वर्मा)
आयुक्त
उच्च शिक्षा संचालनालय
नवा रायपुर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक 70/आ.उ.शि./2020 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 19/03/2020

प्रतिलिपिः –

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्रीजी, छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर
2. सचिव, छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर की ओर आदेश कार्येत्तर पुष्टि हेतु अग्रेषित।
3. संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर
4. समस्त संभागायुक्त, छत्तीसगढ़
5. समस्त कलेक्टर, छत्तीसगढ़
6. समस्त क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा, रायपुर/बिलासपुर/दुर्ग/जगदलपुर/ अम्बिकापुर
7. अपर संचालक, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय परिसर, रायपुर।

19/3

आयुक्त
उच्च शिक्षा संचालनालय
नवा रायपुर (छ.ग.)